प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 08.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का एक सम्मेलन आयोजित किया। यह बैठक 21 से 23 तारीख तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन – आई आई सी डी ई एम से पहले आयोजित की गई है।

****

हजारीबाग में भाजपा सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में नगर निकाय चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर विशाल धरना दिया गया। श्री जायसवाल ने हेमंत सोरेन सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाया। भाजपा ने चुनाव दलीय आधार पर और ईवीएम के जरिए कराने की मांग की है।

****

सिमडेगा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ शत–प्रतिशत पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए इंडियन ऑयल ने पहल शुरू की है। मुख्य महाप्रबंधक सौरभ चंद्रा के अनुसार योजना के तीसरे चरण में 25 लाख नए कनेक्शन देने का लक्ष्य है ताकि महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिल सके।

****

पाकुड़ जिला कल्याण कार्यालय के बैंक खाते से 12 करोड़ 38 लाख रुपये की अवैध निकासी मामले की जांच के लिए सीआईडी की टीम पहुंची है। डीएसपी रवींद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने जिला कल्याण पदाधिकारी और नाजिर से पूछताछ कर दस्तावेज खंगाले।

****

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने महिला आरक्षियों की थानों में मुंशी के पद पर प्रतिनियुक्ति तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने तत्कालीन डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश को पलटते हुए आईआरबी और जैप जवानों की पोस्टिंग खत्म की। एडीजी प्रिया दुबे ने इसे नियमों के विरुद्ध बताया था।

****

पाकुड़ की एसपी निधि द्विवेदी ने कोर्ट परिसर से फरार हुए दो हत्यारोपियों नरेन मोहली और शिवधन मोहली की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। कल जिले की एक अदालत द्वारा हत्या का दोषी करार दिए जाने के बाद ये दोनों पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे।

****

सरायकेला के कपाली में चोरी की नीयत से घर में घुसे जुनैद फिरोज नामक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा दिया है। आरोपी की निशानदेही पर जमशेदपुर से चोरी की गई दो मोटरसाइकिलें बरामद हुईं हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

****

झारखंड की सैयद मुश्ताक अली टी– 20 ट्रॉफी जीत के बाद राज्य के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए ट्रॉफी को सभी जिलों में घुमाया जा रहा है। आज ट्रॉफी कोडरमा पहुंची, जहां जिमखाना क्लब में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके डीएफओ मोहित बंसल ने कहा कि इस ट्रॉफी भ्रमण का उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

****

जमशेदपुर में कल से 11 जनवरी तक भव्य डॉग शो का आयोजन होगा। जमशेदपुर केनल क्लब की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन ने बताया कि टाटा स्टील के एमडी टी.वी. नरेंद्रन इसका उद्घाटन करेंगे। शो में देशभर से 43 नस्लों के 326 स्वान हिस्सा लेंगे।

*******समाप्त********